न्यायालय भू-प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, कोटा

आज्ञा-पत्र

उनवान .... धनराज .... बनाम .... महावीर चौपड़ा ....

किस्म मुकदमा .... धारा - 224 .... अपील संख्या .... 2024/167 ....

अभिभाषक अपीलान्ट .... श्री रविन्द्र खण्डेलवाल .... अभिभाषक रेस्पोडेन्ट ....

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए
3.3.25	पत्रावली पेश हुई। अभिभाषक अपीलांट उपस्थित। पत्रावली का अवलोकन किया गया। यह अपील अधीनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी अंता के प्रकरण संख्या 85/2024 बउनवान महावीर चौपडा बनाम धनराज वगैरह निर्णय दिनांक 08.08.2024 के विरूद्ध इस न्यायालय में पेश की गयी है। अधीनस्थ न्यायालय का उक्त निर्णय अंतरिम प्रकृति का आदेश है। अधीनस्थ न्यायालय के उक्त अंतरिम आदेश के पश्चात अधीनस्थ न्यायालय अंता द्वारा दिनांक 21.10.2024 को अंतिम निर्णय पारित कर दिया गया है। जिसकी अपील भी इस न्यायालय हाजा में प्रकरण संख्या 2024/201 से दिनांक 03.12.2024 को दायर हो चुकी है। अंतरिम निर्णय दिनांक 08.08.2024 के पश्चात् उक्त प्रकरण में अंतिम दिनांक 21.10.2024 को पारित हो जाने के कारण एवं अंतिम निर्णय के विरूद्ध इस न्यायालय में अपील ज़ैरकार होने के कारण इस अपील संख्या 2024/167 का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। अतः यह अपील निष्प्रभावी होने के कारण इसी स्टेज पर खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तामील तकमील दाखिल दफ्तर हो। (दीप्ति रामचन्द्र मीना) भू-प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, कोटा	कोटा

न्यायालय भू-प्रबन्धक अधिकारी एवम पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी कोटा

अपील क्रमांक- /2024

1-धनराज पुत्र मदनलाल जाति गुजर

निवासी ग्राम बम्बोरी तहसील अन्ता जिला बांरा राज0

हाल निवासी खेडारसूलपुर तहसील लाडपुरा जिला कोटा राज0

2-अनार बाई पुत्री मदनलाल पत्नी रामचन्द्र जाति गुर्जर

निवासी ग्राम बम्बोरी तहसील अन्ता जिला बांरा राज0

हाल निवासी ग्राम सोरती बावडी तहसील मांगरोल जिला बांरा राज0

अपीलाण्ट संख्या-1 व 2 जर्ये मुख्तारआम प्रवीण गालव पुत्र श्री सत्यनारायण जाति ब्राहम्ण निवासी ग्राम अन्ता तहसील अन्ता जिला बांरा राज0

-अपीलाण्ट्स

-बनाम-

1-महावीर चौपडा पुत्र श्री नन्दकिशोर जाति गुर्जर

निवासी शिव कॉलोनी अन्ता तहसील अन्ता जिला बांरा राज0

2-राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार तहसील अन्ता जिला बांरा

-रेस्पोडेन्ट्स

अपील अन्तर्गत धारा-225 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम

बनाराजगी आदेश दिनांक-08-08-2024 प्रकरण संख्या-085/2024, बउनवान महावीर चौपडा बनाम धनराज वगैरह, न्यायालय उपखण्ड अधिकारी अन्ता जिला बांरा राज0

क्रमशः----2

Pravaan